फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री भवानीशंकर जोशी निवासी फ्लेट नं. 06, वरद अपार्टमेन्ट, सर्वोदय नगर, टाकी रोड़ नालासोपारा ईस्ट, वसई पिनकोड – 401209 (महाराष्ट्र) **– अपीलार्थी**

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट **– प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 16/2024**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 13.03.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट से जरिये पृष्ठांकित अपीलार्थी क्रमांकः–/आर.टी.आई/2024/258–259 दिनांक 06.03.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी बिन्दु संख्या 01 की सूचना वर्तमान जमाबन्दी अनुसार उक्त खाता संख्या के खसरा नम्बर गीता पत्नि रमेशचन्द्र के नाम दर्ज है। तथा बिन्दु संख्या 02 की सूचना उक्त खसरा नम्बर पूर्व में एकलिग पिता हंसा के नाम पर दर्ज थी जो वर्ष 1986, 1987 से उन्ही के नाम पर दर्ज है बिन्दु संख्या 03 की सूचना के अनुसार उक्त आंवटन किसी भी योजना के तहत आंवटन नहीं कि गयी है एवं भूमि आंवटन परामर्श समिति की सहमति से दिनांक 13.06.1986 को एवं 05.03.1987 को नियमानुसार आंवटन की गयी है बिन्दु संख्या 04 की सूचना के अनुसार आंवटन सब डिविजन ऑफिसर जिला उदयपुर के द्वारा की जाने पर संलग्न दस्तावेज की जानकारी उक्त कार्यालय से प्राप्त किये जावे। बिन्दु संख्या 05 की सूचना के अनुसार दिनांक 13.06.1986 व 05.03.1987 को आंवटित की गयी है लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार आमेट की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को तहसीलदार आमेट के क्रमांक :– आर.टी.आई/2024/258–259 दिनांक 06.03.2024 से अपीलार्थी को उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bullo **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)